रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1035] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 30, 2016/वैशाख 10, 1938
No. 1035] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 30, 2016/VAISAKHA 10, 1938

परमाणु ऊर्जा विभाग

अधिसूचना

मुंबई, 28 अप्रैल, 2016

विषय: परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 के अंतर्गत विहित पदार्थों, विहित उपकरणों और प्रौद्योगिकी की सूची का अद्यतनीकरण

का.आ. 1592(अ).— परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (च) और (छ) तथा धारा 3 के अनुसरण में और परमाणु ऊर्जा विभाग में भारत सरकार के दिनांक 20 जनवरी 2006 के का.आ. सं.61 (ई) के अधिक्रमण में, केंद्र सरकार "विहित पदार्थों, विहित उपस्कर एवं प्रौद्योगिकी" के रूप में इसके उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट पदार्थों, उपस्कर एवं प्रौद्योगिकी को इसके द्वारा अधिसूचित करती है।

अनुसूची

श्रेणी 0 नाभिकीय सामग्रियाँ, नाभिकीय से संबंधित अन्य सामग्रियाँ, उपस्कर एवं प्रौद्योगिकी

0A विहित पदार्थ

टिप्पणी : श्रेणी 0A की किसी भी रेडियोसक्रिय सामग्री पर इन नियमों के अतिरिक्त परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 के तहत बने परमाणु ऊर्जा (विकिरण संरक्षण) अधिनियम 2004 के प्रावधान और परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 की धारा-16 के प्रावधान भी लागू होंगे।

0A1 स्रोत सामग्री

0A101 प्रकृति में पाये जाने वाले आइसोटोपों के मिश्रण युक्त यूरेनियम ।

0A102 आइसोटोप 235 में अवक्षयित यूरेनियम ।

0A103 थोरियम

0A104 उपरोक्त 0A 101,102 या 0A 103 में किसी भी सामग्री, धातु, मिश्रातु, रासायनिक यौगिक अथवा सांद्रण अथवा किसी पदार्थ के रूप में विहित उपरोक्त सामग्री ।

0A105 उपरोक्त में से कोई एक अथवा एकाधिक मदों से युक्त कोई अन्य सामग्री ।

नोट 1 : श्रोत सामग्रियों में यूरेनियम, थोरियम अयस्क या सांद्रण शामिल हैं।

नोट 2 : निम्नलिखित मदों की, केवल गैर-नाभिकीय गतिविधियों हेतु, एक कैलेंडर वर्ष के अंतर्गत नीचे विनिर्दिष्ट सीमाओं से अनधिक मात्रा का, किसी एक प्राप्तकर्ता देश को निर्यात पर नियंत्रण नहीं है।

क) यूरेनियम (प्राकृतिक आइसोटोपों के मिश्रण युक्त) 100 किलोग्राम

ख) अवक्षयित यूरेनियम (प्रकृति में पाये जाने वाले यूरेनियम से कम स्तर के 235 आइसोटोप में अवक्षयित यूरेनियम) 1000 किलोग्राम

ग) थोरियम 1000 किलोग्राम

टिप्पणी 3: 0A1 निम्नलिखित को नियंत्रित नहीं करता है :-

i) यूरेनियम और थोरियम अयस्क, खनिज सांद्रण या अन्य सामग्रियाँ जो 300 भाग प्रति दस लाख (ppm) से कम यूरेनियम या/ और थोरियम युक्त हैं।

ii) अलॉय (मिश्रातु) जो 5% से कम थोरियमयुक्त हैं ।

iii) थोरियमयुक्त उत्पाद, जो गैर-नाभिकीय उपयोग हेतु विनिर्मित किये गये हैं।

0A2 विशेष विखंडनीय सामग्री

0A201 प्लूटोनियम - 239

0A202 यूरेनियम - 233

0A203 आइसोटोप 235 अथवा 233 में संवर्द्धित यूरेनियम

0A204 नेप्चूनियम

0A205 उपरोक्त में से किसी एक अथवा अधिक मदों से युक्त कोई सामग्री

0A206 ऐसी कोई भी विखंडनीय सामग्री जो केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर

IndiaCode

निर्धारित की गयी हो।

तकनीकी टिप्पणी :

" आइसोटोप 235 या 233 में संवर्धित यूरेनियम" शब्दपद का अर्थ आइसोटोप 235 या 233 या दोनों के इतनी अधिक मात्रा में होने से है कि उन आइसोटोपों की प्रचुरता का योग का आइसोटोप 238 से अनुपात प्रकृति में सृजित आइसोटोप 238 से आइसोटोप 235 के समानुपात से अधिक हो।

टिप्पणी :

1. "विशेष विखंडनीय सामग्री" शब्दपद की व्याख्या में स्रोत सामग्री शामिल नहीं है।
2. "विशेष विखंडनीय सामग्री" की कोई भी मात्रा विहित पदार्थ है।
3. 0A2 निम्नलिखित को नियंत्रित नहीं करता है -
   क. प्लूटोनिम-238 के आइसोटोपिक सांद्रण के 80% से अधिक वाला प्लूटोनियम
   ख. विशेष विखंडनीय सामग्री,जब इन्हें ग्राम मात्राओं या कम में, उपकरणों के संवेदी घटकों में लगाया जाता है।

0A3 अन्य सामग्री

"अन्य सामग्री" से तात्पर्य है - रिएक्टरों हेतु गैर-नाभिकीय सामग्री, नाभिकीय संबंधी दोहरे उपयोग वाली निम्नांकित सामग्री, एवं समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाने वाली सामग्रियां ।

0A301 ड्यूटेरियम और भारी पानी

ड्यूटेरियम, भारी पानी (ड्यूटेरियम आक्साइड) और कोई अन्य ऐसा ड्यूटेरियम यौगिक जिसमें ड्यूटेरियम और हाइड्रोजन परमाणुओं का अनुपात 1:5000 से अधिक हो

क) नाभिकीय रिएक्टर में इस्तेमाल करने हेतु एक परेषण में 5 किलोग्राम से अधिक ड्युटीरियम परमाणुओं की मात्रा या एक कैलेंडर वर्ष में , किसी एक प्राप्तकर्ता देश हेतु 25 किलोग्राम ड्युटीरियम परमाणु से अधिक हो।

ख) एक कैलेंडर वर्ष में किसी एक प्राप्तकर्ता देश हेतु गैर-नाभिकीय गतिविधि में 200 किलोग्राम ड्युटीरियम परमाणुओं की संख्या से अधिक हो।

0A302 नाभिकीय ग्रेड ग्रेफाइट

5 भाग प्रति मिलयन (पीपीएम) बोरोन के समतुल्य के शुद्धता स्तर से अधिक हो और जिसका घनत्व 1.5 ग्राम/सीसी से अधिक हो;

क) नाभिकीय रिएक्टर या किसी अन्य नाभिकीय गतिविधि में उपयोग हेतु 1 किलोग्राम से अधिक की मात्राओं में।

ख) एक कैलेंडर वर्ष में, किसी एक प्राप्तकर्ता देश हेतु गैर-नाभिकीय गतिविधि में 30 मैट्रिक टन से अधिक हो।

IndiaCode

टिप्पणी : मद 0A302 के अंतर्गत ग्रेफाइट पाउडर नहीं आता है।

0A303 जिर्कोनियम, जिसमें हाफनियम की मात्रा धातु, मिश्रातु के रूप में जिर्कोनियम के 500 भाग में एक भाग से कम वजन/भार (अर्थात 2000 पीपीएम से कम) से होता है । इनमें से किसी के भी मिश्रधातु, यौगिक, उसके विनिर्माण, अपशिष्ट अथवा पूर्वोक्त के अपशिष्ट हैं।

0A304 बेरिलियम धातु, उसके यौगिक, मिश्रधातु जिनमें भार के 50% से अधिक बेरिलियम हो,उसके विनिर्माण,पूर्वोक्त के कोई अपशिष्ट या स्क्रैप,एवं बेरिल सहित उसके खनिज/सांद्र, लेकिन इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं होंगे :-

क) एक्स-रे मशीनों या बोर-होल लॉगिंग के लिए प्रयोग किए जाने वाले बेरिलियम विंडोज एवं

ख) मरकत/पन्ना (emeralds), बेरूज (aquamarine) या जेवरों में उपयोग हेतु "कट एंड पॉलिश्ड " अर्ध-कीमती पत्थरों के रूप में बेरिल।

0A305 संवर्धित लीथियम, जिसमें प्राकृतिक आइसोटोपीय प्रचुरता से (अर्थात 7.5% से अधिक) अधिक प्रचुरता वाला (^{6}Li) आइसोटोप लीथियम-6 होता है और संवर्धित लीथियम युक्त उत्पाद अथवा युक्तियाँ जैसेकि तात्विक लीथियम, मिश्रधातु, यौगिक, लीथियम युक्त मिश्रण, उसके विनिर्माण या उपरोक्त का कोई अपशिष्ट अथवा स्क्रैप।

0A306 नियोबियम एवं टैन्टेलम, इनकी धातुएं, मिश्रधातुएं और खनिज जिनमें कोलम्बाइट एवं टैंटालाइट शामिल हैं।

0A307 आरक्षित

0A308 ट्रीशियम, ट्रीशियम यौगिक अथवा ट्रीशियम के ऐसे मिश्रण जिनमें हाइड्रोजन के मुकाबले ट्रीशियम के परमाणुओं का अनुपात 1000 में 1 भाग से अधिक होता है, हालाँकि इनमें आर्गेनिक लेबेल यौगिकों, गैस पूरित स्रोतों और रेडियोट्रेसर अध्ययनों के लिए ट्रीशियम युक्त जल के रूप में उपयोग होने वाली मात्रा और उद्देश्य जैसी बातें शामिल नहीं हैं ।

0A309 हाफनियम :

हाफनियम धातु, वजन के अनुसार 60% से अधिक हाफनियम मात्रा वाली मिश्रधातुएं, वजन के अनुसार 60% से अधिक हाफनियम वाले हाफनियम यौगिक, उससे विनिर्मित होने वाली चीजें और पूर्वोक्त में से किसी के अपशिष्ट एवं स्क्रैप ।

0A310 रेडियम-226:

रेडियम-226 (226Ra), रेडियम-226 की मिश्रधातुएँ, रेडियम-226 के यौगिक, रेडियम-226 युक्त मिश्रण, उसके विनिर्माण और उपरोक्त में से किसी के उत्पाद अथवा युक्तियाँ, सिवाय चिकित्सा के प्रयोग में आने वाली चीजों और किसी भी रूप में Ra-226 की 0.37 GBq (10 mCi) से कम मात्रा वाले उत्पाद अथवा उपकरण के ।

IndiaCode

0A311 बोरोन

बोरोन-10 (10B) में संवर्धित ऐसा निम्नांकित बोरोन जिसमें प्राकृतिक से अधिक आइसोटोपीय प्रचुरता हो :-

तात्विक बोरोन, यौगिक, बोरोन युक्त मिश्रण, उसके विनिर्माण, पूर्वोक्त में से किसी के अपशिष्ट अथवा स्क्रैप।

0A312 हीलियम-3

हीलियम-3 (^{3}He), हीलियम-3 युक्त मिश्रण और पूर्वोक्त में से किसी भी पदार्थ से युक्त उत्पाद अथवा युक्तियाँ

टिप्पणी: हीलियम-3 के 1 gm से कम मात्रा वाले उत्पाद अथवा युक्तियाँ इसमें शामिल नहीं है।

0A313 रेडियोन्यूक्लियाइड्स जो निम्नलिखित स्वरूपों में, अल्फा-एन प्रतिक्रिया पर आधारित न्यूट्रॉन श्रोत निर्मित करने हेतु उपयुक्त हो:

क) तात्विक

ख) 37 GBq प्रति किलो अथवा अधिक की कुल गतिविधि वाले यौगिक।

ग) 37 GBq प्रति किलो अथवा अधिक की कुल गतिविधि वाले मिश्रण।

घ) उपरोक्त में से किसी भी पदार्थ से युक्त उत्पाद अथवा युक्तियाँ।

इस मद द्वारा नियंत्रित रेडियोन्यूक्लाइडों में निम्नलिखित शामिल हैं।

एक्टिनियम-225	एक्टिनियम-227	कैलिफोर्नियम-253
क्यूरियम- 240	क्यूरियम-241	क्यूरियम-242
क्यूरियम-243	क्यूरियम-244	आइन्स्टीनियम-253
आइन्स्टीनियम-254	गेडोलीनियम-148	प्लूटोनियम-236
प्लूटोनियम-238	पोलोनियम-209	पोलोनियम-210
पोलोनियम-208	रेडियम-223	थोरियम-228
थोरियम-227	यूरेनियम-230	यूरेनियम-232

0B **विहित उपस्कर**

0B001 **नाभिकीय** रिएक्टर; ऐसे रिएक्टरों के लिए विशेष रूप से डिजाइन या तैयार किए गए अथवा अपनाए अथवा उपयोग किए गए अथवा उपयोग हेतु अभिप्रेत संबंधित उपकरण, घटक और प्रणालियां जिनका विवरण निम्नवत है :

क. संपूर्ण नाभिकीय रिएक्टर

ख. नाभिकीय रिएक्टर पात्र

ग. नाभिकीय रिएक्टर ईंधन भरण एवं विसर्जन तंत्र

घ. नाभिकीय ऊर्जा नियंत्रण छड़ें एवं उपस्कर

IndiaCode

ङ नाभिकीय रिएक्टर दाब नलिकाएँ (प्रेशर ट्यूब्स)

च. नाभिकीय ईंधन क्लैडिंग: नाभिकीय ईंधन क्लैडिंग में उपयोग हेतु जिर्कोनियम ट्यूब या जिर्कोनियम मिश्रातु ट्यूब(या ट्यूबों की एसेम्बली) जिसमें जिर्कोनियम के मुकाबले हाफनियम की मात्रा 500 में से 1 भाग अथवा इससे कम है

छ. प्राथमिक कूलेन्ट पंप या सर्कुलेटर

ज. नाभिकीय रिएक्टर इंटर्नल्स

झ. नाभिकीय रिएक्टर के प्राथमिक या माध्यमिक कूलेंट सर्किट में उपयोग हेतु ताप विनिमायक (वाष्प जनित्र)

ञ. न्यूट्रॉन संसूचक

ट. बाहरी तापीय शील्ड

0B002 विहित सामग्री (जैसेकि यूरेनियम, प्लूटोनियम, थोरियम, ड्यूटेरियम, भारी पानी, ट्रीशियम, लीथियम) के संसाधन, उत्पादन, सांद्रण, परिवर्तन अथवा पुन:प्राप्ति के लिए संयंत्र; संबद्ध उपस्कर, घटक और इसके लिए तैयार की गई, अपनाई जाने वाली या उपयोग होने वाली अथवा उपयोग हेतु अभिप्रेत डिजाइन प्रणालियाँ जिनमें निम्नलिखित संयंत्र शामिल हैं किंतु इन तक ही सीमित नहीं है;

क. ड्यूटेरियम, भारी पानी या ड्यूटेरियम यौगिकों के उत्पादन अथवा सांद्रण हेतु संयंत्र –

1. पानी – 1.5m या उससे अधिक के व्यास के हाइड्रोजन सल्फाइड विनिमय टावर तथा 2Mpa (300 psi) के बराबर या अधिक दाब पर प्रचालन में सक्षम, भारी पानी उत्पादन के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया हुआ तथा निर्मित

2. हाइड्रोजन-सल्फाइड गैस के परिचालन हेतु विशेष रूप से डिजाइन किया हुआ या निर्मित ब्लोअर तथा कंप्रेसर। 1.8MPa (260psi) चूषण से अधिक या बराबर दाब पर प्रचालन के समय इन ब्लोअरों या कम्प्रेसरों में थ्रूपुट क्षमता 56m^3/सेकेण्ड (120,000 SCFM) से अधिक या बराबर होती है, और इनकी सील गीले H_2S सेवा हेतु डिजाइनित होती हैं।

3. 1.5 मी. से 2.5 मी के व्यास और 35 मी. अथवा उससे ज्यादा ऊंचाई वाले अमोनिया - हाइड्रोजन विनिमय टावर, 15एमपीए या उससे अधिक दाब पर प्रचालन में सक्षम, भारी पानी उत्पादन के लिए विशेष रूप से डिजायन किया गया या निर्मित

4. टावर इंटर्नल तथा स्टेज पंप : भारी पानी के उत्पादन के लिए विशेष रूप से डिजायन किया गया निर्मित टावर इंटर्नल तथा स्टेज पंप। टावर इंटर्नल में विशेष रूप से डिजायन किया गया स्टेज कांटैक्टर शामिल हैं जो इंटीमेट गैस/लिक्विड कांटैक्ट को प्रोत्साहित करते हैं। स्टेज पम्पों में कांटैक्टिंग स्टेज इंटर्नल के अंदर से स्टेज टावरों में तरल अमोनिया के परिचालन के लिए विशेष रूप से डिजायन किए गए सबमर्सिबल पम्प शामिल हैं

5. 3 एमपीए अथवा उससे अधिक के आपरेटिंग प्रेशर वाले अमोनिया क्रैकर जो भारी पानी उत्पादन के लिए विशेष रूप से डिजायन किया गया या निर्मित

6. 'आन लाइन' हाइड्रोजन/ड्यूटेरियम अनुपात विश्लेषण की क्षमता वाले अवरक्त अवशोषण विश्लेषक

7. संवर्धित ड्यूटेरियम गैस के भारी पानी में परिवर्तन हेतु उत्प्रेरक बर्नर

8. संपूर्ण भारी पानी उन्नयन प्रणालियाँ अथवा इसके हेतु कॉलम

9. अमोनिया-हाइड्रोजन विनिमय प्रक्रम का प्रयोग करके भारी पानी के उत्पादन के लिए अमोनिया संश्लेषण कनवर्टर या संश्लेषण इकाईयाँ

indiaCode

ख) यूरेनियम के रूपांतरण हेतु संयंत्र

1. यूरेनियम अयस्क सांद्रणों का UO_3 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
2. UO_3 से UF_6 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
3. UO_3 से UO_2 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
4. UO_2 से UF_4 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
5. UF_4 से UF_6 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
6. UF_4 से यूरेनियम धातु में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
7. UF_6 से UO_2 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
8. UF_6 से UF_4 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ
9. UO_2 से UCl_4 में रूपांतरण हेतु प्रणालियाँ

ग. प्लूटोनियम के रूपांतरण हेतु संयंत्र

1. प्लूटोनियम नाइट्रेट से ऑक्साइड में रूपांतरण हेतु प्रणालियां
2. प्लूटोनियम धातु उत्पादन हेतु प्रणालियां।

घ. ट्रीशियम के उत्पादन, प्राप्ति, निष्कर्षण, सांद्रण या हस्तन हेतु ट्रीशियम सुविधाएं या संयंत्र एवं हाइड्रोजन या हीलियम रेफ्रिजिरेशन यूनिटों, और हाइड्रोजन आइसोटोप भंडारण या धातु के हाइड्राइडों का भंडारण या शुद्धीकरण माध्यम के रूप में उपयोग करते हुए शुद्धीकरण प्रणालियों सहित हेतु उपकरण।

ङ लीथियम आइसोटोप पृथक्करण सुविधाएं या संयंत्र और प्रणालियां तथा तत्हेतु उपस्कर निम्न प्रकार हैं-

1. लीथियम आइसोटोपों के पृथक्करण हेतु सुविधाएं या संयंत्र
2. लीथियम- पारा मिश्रण प्रक्रिया पर आधारित लीथियम आइसोटोपों के पृथक्करण हेतु उपस्कर

क) लीथियम मिश्रण हेतु विशेषतया डिजाइन किये गये पैक्ड द्रव-द्रव विनिमय कॉलम;

ख) पारा या लीथियम मिश्रण पंप;

ग) लीथियम मिश्रण इलेक्ट्रोलिसिस सेल;

घ) सांद्रित लीथियम हाइड्रोक्साइड विलायक हेतु वाष्पक (इवोपरेटर्स)

3. लीथियम आइसोटोप पृथक्करण हेतु विशेषतया डिजाइन की गई आयन-विनिमय प्रणलियां और इस हेतु विशेषत: डिजाइन किये गये घटक पुर्जे;
4. लीथियम आइसोटोप पृथक्करण हेतु विशेषतया डिजाइन की गयी रसायन विनिमय प्रणालियां (क्राउन ईथरो, क्राइप्टैंड्स या लैरियर ईथरों का उपयोग करके) एवं तत्हेतु विशेषत: डिजाइन किये गये घटक पुर्जे।

0B003 किरणित नाभिकीय ईंधन के पुनर्संसाधन हेतु संयंत्र एवं उपस्कर तथा ऐसे संयंत्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए, तैयार किए गए अथवा अपनाए गए अथवा उपयोग किए गए अथवा उपयोग हेतु अभिप्रेत घटक एवं प्रणालियाँ जिनमें निम्नलिखित चीजें शामिल हैं किंतु इन तक ही सीमित नहीं हैं :-

क. किरणित ईंधन घटक के कर्तन हेतु दूरस्थ प्रचालन के लिए डिजाइन की गई मशीन

IndiaCode

ख. किरणित नाभिकीय ईंधन को घोलने के लिए गरम और अत्यंत संक्षारक द्रवों को सह सकने की क्षमता वाले ऐसे घोलक (डिजाल्वर्स) जिन्हें दूर से ही भारित एवं मेंटेन किया जा सके।

ग. नाइट्रिक अम्ल का संक्षारक प्रभाव सह सकने वाले विलायक निष्कर्षक एवं विलायक निष्कर्षण उपस्कर

घ. नाइट्रिक अम्ल का संक्षारक प्रभाव सह सकने वाले केमिकल होल्डिंग अथवा भंडारण के पात्र

ङ. न्यूट्रान मापन प्रणालियों को किरणित ईंधन तत्वों के पुन:प्रसंस्करण हेतु स्वचालित प्रक्रम नियंत्रण प्रणाली के साथ एकीकरण एवं उपयोग।

च. असेंब्लियों और घटकों सहित निम्नलिखित औद्योगिक उपस्कर

1. उच्च घनत्व (लेड ग्लास अथवा अन्य) विकिरण शीलिंडग विंडोज
2. विकिरण दृढ़ीभूत टीवी कैमरे अथवा उनके लिए लेंसेस
3. उच्च शक्ति के विस्फोटकों के हस्तन हेतु विशेष रूप से डिजाइन किए गए 'रोबोट' अथवा 'एंड इफेक्टर' और उसके लिए नियंत्रक यूनिटें
4. रेडियो-रासायनिक पृथक्करण प्रचालनों अथवा गर्म कक्षों (हॉट सेल्स) में दूरस्थ क्रियाओं को करने हेतु उपयोग किए जा सकने योग्य दूरस्थ परिचालक (मैनीपुलेटर्स)।

0B004 नाभिकीय रिएक्टरों से अथवा स्रोत सामग्री या विशेष विखंडनीय सामग्री के संसाधन हेतु संयंत्रों से अथवा नाभिकीय पुनर्संसाधन संयंत्रों से निकलने वाले रेडियोसक्रिय अपशिष्टों, किरणित नाभिकीय ईंधन; विशेष विखंडनीय सामग्री, के उपचार, हस्तन, भंडारण एवं परिवहन हेतु संयंत्र और उसके लिए विशेष रूप से डिजाइन या तैयार किए गए, अपनाए गए अथवा उपयोग हेतु अभिप्रेत उपस्कर।

0B005 विश्लेषण-उपस्करों के अलावा ऐसी सभी प्रणालियाँ, संबंधित उपस्कर अथवा घटक जो यूरेनियम, प्लूटोनियम, लीथियम अथवा बोरोन के आइसोटोपों के पृथक्करण या संवर्धन हेतु विशेष रूप से डिजाइन या तैयार किए गए, अपनाए गए, उपयोग किए गए अथवा उपयोग हेतु अभिप्रेत हों जिनका विवरण निम्नवत है :

0B005 a. गैस सेंट्रीफ्यूगों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइन अथवा तैयार किए गए गैस सेंट्रीफ्यूग, असेंब्लियाँ तथा घटक

1. गैस सेंट्रीफ्यूग
2. संपूर्ण रोटर एसेंबलियों, पतली भित्ति वाले सिलिंडर या आपस में जुड़े हुए पतली भित्ति वाले सिलिंडर, OB005 में वर्णित उच्च सामर्थ्य से घनत्व के अनुपात वाली एक या एकाधिक सामग्रियों से निर्मित। यदि आपस में जुड़े हों तो सिलिंडरों को OB005.a.4 में वर्णितानुसार लचीले बेलो या छल्लों से जोड़ा गया हो। धारा OB005.a.5 और OB005.a.4.6 में वर्णितानुसार रोटर पर एक आंतरिक बैफल और एंड कैप लगाये गये हों।
3. रोटर ट्यूब सिलिंडर: विशेषत: डिजाइन किये गये या तैयार किये गये पतली भित्ति वाले सिलिंडर जिनकी मोटाई 12 मि.मी. या कम, व्यास 75 मि.मी. और 650 मि.मी. के बीच तथा OB005.a टिप्पणी-1 में वर्णितानुसार एक या एकाधिक उच्च सामर्थ्य से घनत्व अनुपात वाली सामग्रियों से बनी हों।

IndiaCode

4. छल्ले या बेलो: एक रोटर ट्यूब को स्थानिक आधार देने या कई रोटर ट्यूबों को एक साथ जोड़ने हेतु विशेष रूप से डिजाइनित और बेलो एक 3 मि.मी. या कम मोटाई से 650 मि.मी. हो। यह घटक धारा OB005.a की टिप्पणी-1 में वर्णित उच्च सामर्थ्य से घनत्व अनुपात वाली सामग्रियों से निर्मित हो।

5. बैफल: तश्तरी आकार के घटक जिनका व्यास 75 मिमी. और 650 मिमी. के बीच हो जिन्हें मुख्य सेपरेशन चेंबर से टेक-ऑफ चेंबर को अलग-थलग करने हेतु एक रोटर ट्यूब के अंदर लगाने हेतु विशेषत: डिजाइन या निर्मित किया गया हो, और खंड OB005.a की टिप्पणी -1 में वर्णित उच्च सामर्थ्य से घनत्व अनुपात वाली सामग्रियों से विनिर्मित हो।

6. शीर्ष या अधस्तल कैप्स : रोटर ट्यूब के अंत्य में फिट होने के लिए विशेष रूप से डिजाइन या निर्मित 75 एमएम से लेकर 400 एमएम तक के व्यास के विशेष रूप से डिजाइन या निर्मित डिस्क आकृति के घटक तथा इस प्रकार रोटर ट्यूब के अंदर UF_6 को धारित करता है तथा कुछ मामलों में ऊपरी बियरिंग (शीर्ष कैप) के घटक को एकीकृत भाग के रूप में सपोर्ट करना, बनाए रखना, समाविष्ट करना या मोटर तथा लोअर बियरिंग (अधस्तल कैप) के घूर्णी घटकों को वहन करना तथा खण्ड 0B005.a में टिप्पणी-1 में वर्णित उच्च शक्ति से घनत्व अनुपात सामग्रियों तक निर्मित।

7. विशेष रूप से निर्मित चुम्बकीय निलम्बन बियरिंग जिनमें निम्न दोनों विशेषताएं हैं :

क. एक हाऊसिंग के अंदर निलंबित वलयाकार चुम्बक युक्त बियरिंग असेम्बलियाँ जो "UF6 के संक्षारण प्रतिरोधी सामग्रियों" से बनी या रक्षित हैं (खण्ड 0B005.a के टिप्पणी 2 देखिए) जिसमें अवमंदन माध्यम होता है तथा ध्रुवीय खंड वाली चुम्बकीय कॅपलिंग या रोटर के शीर्ष कैप में फिट दूसरा चुम्बक होता है।

ख. गैस सेंट्रीफ्यूग के साथ प्रयोग के लिए विशेष रूप से अभिकल्पित या निर्मित सक्रिय चुम्बकीय बियरिंग। इन बियरिंगों में निम्नलिखित विशेषताएं होती हैं :

i) 600 हर्टज या अधिक पर घूम रहे रोटर केन्द्रित रखने के लिए डिजाइनित तथा ii) एक घण्टे से अधिक कार्य करने के लिए विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति तथा/या अबाधित विद्युत आपूर्ति (यूपीएस) इकाई से जुड़ी।

8. बियरिंग/डम्पर्स : विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित बियरिंग्स जिसमें डम्पर के ऊपर आरूढ़ धुराग्र/कप असेम्बली होती है। यह धुराग्र समान्यत: कठोरित स्टील शैफ्ट का होता है जिसके एक शिरे पर अर्द्धगोला होता है जिसमें दूसरे शिरे पर खण्ड 0B005.a 6 में वर्णित अधस्तल कैप से जोड़ने की सुविधा होती है। हालांकि, इस शैफ्ट में जुड़ी हुई द्रवगतिकीय बियरिंग हो सकती है। एक पृष्ठ पर द्रवगतिकीय दंतुरण युक्त यह कप पेलेट रूपित होता है। इन घटकों की आपूर्ति अक्सर अलग से डम्पर में की जाती है।

9. आण्विक पम्प : आण्विक पम्प उच्च निर्वात पम्प होते हैं जिसमें अंत: मशीनित या बहिष्कृत कुंडलित खाँचा तथा अंत: मशीनित वेध युक्त विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित सिलेंडर होते हैं। प्रारूपिक विमाएं इस प्रकार होती हैं : 75 एमएम से 650 एमएम तक आंतरिक व्यास, 10 एमएम या अधिक की भित्ति मोटाई, व्यास के बराबर या इससे अधिक लम्बाई । ये खाँचे अनुप्रस्थ काट में प्रारूपिक रूप से आयताकार होते हैं तथा 2 एमएम या इससे अधिक की गहराई वाले होते हैं।

10. वलय रूपित मोटर स्टेटर : 600 हटर्ज या अधिक की आवृत्ति पर तथा 40 वीए या अधिक शक्ति पर निर्वात में तुल्यकालिक प्रचालन के लिए उच्च गति बहुचरण एसी हिस्टेरिसिस (या प्रतिष्टंभ) मोटरों के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित वलय रूपित स्टेटर। इन स्टेटरों में प्रारूपिक 2.00 एमएम

मोटी या इससे कम की पतली परतों युक्त स्तरिक अल्प हानि लौह कोर पर बहुचरणीय वाइंडिंग हो सकती है।

11. 30 एमएम तक की भित्ति मोटाई के दृढ़ सिलेंडर युक्त गैस सेंट्रीफ्यूग के रोटर ट्यूब असेम्बली युक्त सेंट्रीफ्यूग हाऊसिंग/ग्रहीता जिसमें यथार्थमापी अंत्य होते हैं जो एक दूसरे के समानांतर होते हैं तथा 0,05 डिग्री के अंदर या इससे कम में सिलेंडर के अनुदैर्ध्य अक्ष के अभिलंब होते हैं।

12. वायु संघट्ट-दाब नलिका के द्वारा रोटर ट्यूब के अंदर से UF_6 निष्कर्षण के लिए ट्यूबों वाले स्कूप तथा केन्द्रीय गैस निष्कर्षण प्रणाली में फिक्स किए जाने में सक्षम।

टिप्पणी 1: सेंट्रीफ्यूग रोटेटिंग घटकों हेतु प्रयुक्त सामग्रियों में निम्नलिखित शामिल है:

(क) 1. 95 GPa या अधिक की चरम तनन सामर्थ्य वाला मेराजिंग स्टील

(ख) 0.46GPa या अधिक की चरम-तनन सामर्थ्य वाला अल्यूमीनियम मिश्रातु

(ग) संयुक्त स्ट्रक्चर में उपयोग हेतु उपयुक्त एवं 3.18×10^6 मी. या अधिक का विशिष्ट मॉड्यूल्स एवं 7.62×10^4 मी. या अधिक की विशिष्ट चरम-तनन सामर्थ्य वाले फिलामेंटरी सामग्रियां
(विशिष्ट मॉड्यूल्स N/m^3 में विशिष्ट भार द्वारा विभाजित N/m^2 में यंग का मॉड्यूल्स है; विशिष्ट चरम-तनन सामर्थ्य N/m^3 में विशिष्ट भार द्वारा विभाजित N/m^2 में चरम-तनन सामर्थ्य है)

टिप्पणी 2: निम्नत: वर्णित मदों में से कुछ या तो UF_6 गैस के साथ सीधे संपर्क में आती हैं या सेंट्रीफ्यूज और सेंट्रीफ्यूज से सेंट्रीफ्यूज और कैस्केड से कैस्केड में गैस के प्रवाह को सीधे नियंत्रित करती है। UF_6 से संक्षारित होने से मुक्त सामग्रियों में शामिल है- तांबा, तांबा मिश्रातु, स्टेनलेस स्टील, अल्युमीनियम, अल्युमीनियम ऑक्साइड, अल्युमीनियम मिश्रातु, निकेल या 60% या अधिक निकेल युक्त मिश्रातु और फ्लोरिनेटेड हाइड्रोकार्बन पॉलीमर।

IndiaCode

OB005.b विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गयी गैस सेंट्रीफ्यूग संवर्धन संयंत्रों हेतु सहायक प्रणालियां, उपस्कर और घटक।

1. सेंट्रीफ्यूग कैस्केड के अंदर UF_4 हस्तन हेतु मशीन हेडर पाइपिंग प्रणालियां।

2. सेंट्रीफ्यूग संवर्धन हेतु मोटर स्टेटर सप्लाइ करने हेतु विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार किये गये फ्रीक्वेंसी चेंजर (कन्वर्टर या इन्वर्टर) जिनमें निम्नत: वर्णित सभी अभिलक्षण हों और उस हेतु विशेष रूप से डिजाइनित घटक।

   (क) 600 H_2 या अधिक का मल्टीफेज फ्रीक्वेंसी आउटपुट; और

   (ख) उच्च स्थायित्व (0.2% से बेहतर फ्रीक्वेंसी नियंत्रण)

OB005.c गैसीय डिफ्यूजन संवर्धन में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गई असेंबलियां और घटक

1. गैसीय डिफ्यूजन बैरियर और UF_6 से संक्षारण का प्रतिरोधी बैरियर सामग्रियाँ
2. "UF_6 से संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों" से निर्मित या रक्षित गैसीय डिफ्यूजन हाउसिंग।
3. कंप्रेसर (पॉजिटिव प्रतिस्थापन, सेंट्रीफ्यूगल और अक्षीय प्रवाह प्रकार के) या गैस ब्लोअर, जिनकी चूषण आयतन क्षमता $1m^3$/ मिनट या अधिक UF_6 हो,जिस्चार्ज प्रेशर 500KPa तक हो, तथा UF_6 परिवेश में दीर्घावधि

प्रचालन हेतु डिजाइनित 10:1 या काम का प्रेशर अनुपात हो, तथा UF_6 से संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित हो।

OB005.d गैसीय विसरण संवर्धन में उपयोग हेतु विशेषत: डिजाइनित या तैयार की गई सहायक प्रणालियां, उपस्कर और घटक :

1. गैसीय विसरण कैस्केडों के अंतर्गत UF_6 के हस्तन हेतु पाइपिंग प्रणालियां और हेडर प्रणालियां।

OB005.e वायुगतिकी संवर्धन संयंत्रों में उपयोगार्थ विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित प्रणालियां, उपस्कर और घटक;

1. विशेषरूप से डिजाइनित या तैयार किये गये सेपरेशन नॉजल एवं उनकी एसेंबलियां, सेपरेशन नॉजल कटाव के आकार वाला 1 मि.मी. से कम वक्रतायुक्त परिधि वाले वक्रित चैनल हैं जो UF_6 से होने वाले संक्षारण-प्रतिरोधी सामग्री से बने हैं और नॉजल के अंदर चाकू जैसी धार बनाते हैं जो नॉजल से प्रवाहित गैस को दो हिस्सों में विभाजित करते हैं।

2. विशेषरूप से डिजाइनित या तैयार किये गये वोर्टेक्स ट्यूब और उनकी एसेंबली। वोर्टेक्स ट्यूब सिलिंडर के आकार के या टेपरित होते हैं और UF_6 जनित संक्षारण प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित होती हैं (धारा OB005.a की टिप्पणी 2 देखें) और इसमें एक या अधिक स्पर्शरेखीय इनलेट होते हैं। यह ट्यूबें किसी एक या दोनों सिरों पर नॉजल टाइप के जुड़ाव से सज्जित होती है।

3. विशेषरूप से डिजाइनित या तैयार किये गये कंप्रेशर या गैस ब्लोअर जो UF_6/कैरियर गैस (हाइड्रोजन या हीलियम) मिश्रण से संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से बनी या रक्षित हो।

4. वोर्टेक्स ट्यूबों या सेपरेशन नॉजलों का संरोधन करने हेतु UF_6 से संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गयी सेपरेशन तत्व हाउसिंग;

5. वायुगतिकीय कैस्केडों के अंदर, UF_6 के हस्तन हेतु UF_6 से संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गयी हेडर-पाइपिंग प्रणालियां;

6. UF_6/कैरियर सेपरेशन प्रणालियां, कैरियर गैस (हाइड्रोजन या हीलियम) से UF_6 को अलग करने हेतु;

OB005.f रसायन विनिमय या आयन विनिमय संवर्धन संयंत्रों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गई प्रणालियां, उपस्कर और घटक।

1. रसायन विनिमय प्रोसेस का उपयोग कर यूरेनियम संवर्धन के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार की गयी यांत्रिक पावर इनपुट वाले प्रतिधारा द्रव-द्रव विनिमय कॉलम (रसायन विनिमय)। यह कॉलम और इनके आंतरिक भाग सामान्यत: ऐसी सामग्रियों से निर्मित किये जाते हैं जो सांद्रित हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोलों द्वारा संक्षारण के प्रतिरोधी हों। कॉलम का स्टेज रेजिडेंस समय सामान्यत: 30 सेकेंड या कम होना डिजाइन किया जाता है।

2. द्रव-द्रव सेंट्रीफ्यूग कांटैक्टर्स (रसायन-विनिमय), जो रसायन विनिमय प्रोसेस का उपयोग करने वाले यूरेनियम संवर्धन हेतु विशेष रूप से डिजाइनित या तैयार किये जाते हैं। ऐसे कांटैक्टर सांद्रित हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोलों से होने वाले संक्षारण के प्रतिरोधी सामग्रियों से बनाये या रक्षित किये जाते हैं। कॉलम का स्टेज रेजिडेंस समय सामान्यत: 30 सेकेंड या इससे कम डिजाइनित किया जाता है।

3. यूरेनियम निष्कर्षण प्रणालियां और उपस्कर (रसायन विनिमय):

क. रसायन विनिमय प्रोसेस का उपयोग करते हुए, यूरेनियम संवर्धन हेतु यूरेनियम को एक संयोजक स्थिति से दूसरी में रिड्यूस करने हेतु विशेष रूप से डिजाइनिंग या तैयार किये गये विद्युत रसायनिक रिडक्शन सेल प्रोसेस घोलों से संपर्क में आने वाली सेल सामग्रियां, सांद्रित हाइड्रोक्लोरिक एसिड सॉल्यूशनों द्वारा होने वाले संक्षारण की प्रतिरोधी होनी चाहिए।

ख. U^{+4} को कार्बनिक धारा से बाहर निकालने हेतु कॉस्केड के प्रोडक्ट एंड पर विलायक निष्कर्षण उपस्कर और पंपों या अन्य ट्रांसफर युक्तियों वाले विशेष रूप से डिजाइन या तैयार की गई प्रणालियां।

4. उच्च परिशुद्ध यूरेनियम क्लोराइड का उत्पादन करने हेतु विलयनन, विलायक निष्कर्षण और/या आयन विनियम उपकरण युक्त फीड तैयारी प्रणालियां (रसायन विनिमय)।

5. यूरेनियम ऑक्सिडेसन प्रणालियां (रसायन-विनिमय) U^{+3} से U^{+4} में आक्सिडेसन हेतु।

6. द्रुत-अभिक्रियाकारी आयन विनिमय रेजिन/अवशोषक (आयन एक्सचेंज) रसायन-विनिमय प्रोसेस का उपयोग कर यूरेनियम संवर्धन हेतु विशेष रूप से डिजाइन या बनाये गये द्रुत अभिक्रियाकारी आयन विनिमय रेजिन या अधिशोषक जिनमें छिद्रयुक्त मैक्रोरेटिकुलर रेजिन और/या पेलिकुलर स्ट्रक्चर या अन्य संयुक्त स्ट्रक्चर किसी भी उपयुक्त रूप में जैसे कणों या फाइबर जो सांद्रित हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोलों के प्रति रसायनिक रूप से प्रतिरोधी है।

7. आयन विनिमय कॉलम (आयन-विनिमय)
अन्य विनिमय रेजिन/ अधिशोषक के पैक्ड संस्तर को धारित एवं आधार देने वाले तथा सांद्रित हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोलों द्वारा संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित सिलिंडरनुमा कॉलम।

8. आयन विनिमय रिफ्लक्स प्रणालियां (आयन विनिमय)

आयन विनिमय संवर्धन कास्केडों में उपयोग किया जाने वाला रसायन ऑक्सिडाइजिंग या रिड्यूसिंग एजेंटों के पुन: उत्पादन हेतु रसायनिक या विद्युत रसायनिक ऑक्सिडेसन या रिडक्शन प्रणालियां।

OB005.g लेसर आधारित संवर्धन संयंत्रों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइन या तैयार की गयी प्रणालियां, उपस्कर और घटक।

1. यूरेनियम वाष्पीकरण प्रणालियां (परमाणु वाष्पन आधारित पद्धतियां)
2. द्रव या वाष्पित यूरेनियम धातु हस्तन प्रणालियां एवं घटक
(परमाणु वाष्पन आधारित पद्धतियां)
3. यूरेनियम धातु "उत्पाद और टेल्स" संग्राहक एसेंबलियां
(परमाणु वाष्पन आधारित पद्धतियां)

IndiaCode

4. सेपरेटर मॉड्यूल हाउसिंग (परमाणु वाष्पन आधारित पद्धतियां)
5. सुपरसोनिक एक्सपेंशन नॉजल (अणु आधारित पद्धतियां)
6. "उत्पादन" और "टेल्स" संग्राहक (अणु आधारित पद्धतियां)
7. UF_6/कैरियर गैस कंप्रेसर (अणु आधारित पद्धतियां)
8. रोटरी शाफ्ट सीलें (अणु आधारित पद्धतियां)
9. फ्लोरिनेशन प्रणालियां (अणु आधारित पद्धतियां)
10. UF_6/कैरियर गैस सेपरेशन प्रणालियां (अणु आधारित पद्धतियां)
11. यूरेनियम आइसोटोपों के सेपरेशन हेतु "लेसर" या लेसर प्रणालियां या घटक;

OB005.h प्लाज्मा संवर्धन संयंत्रों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइन या निर्मित किये गये प्रणालियां, उपस्कर और घटक;

1. माइक्रोवेव पावर स्रोत और एंटीने : आयनों को उत्पादित करने या त्वरित करने हेतु एवं निम्नलिखित अभिलक्षणयुक्त विशेष रूप से डिजाइन या निर्मित किये गये माइक्रोवेब पावर स्रोत और एंटीने : 30 GH_2 से अधिक आवृत्ति और आयन उत्पादन हेतु 50Kw से अधिक मीन/पावर उत्पादन।
2. 100 kH_2 से अधिक की आवृत्तियों हेतु रेडियो आवृत्ति आयन उत्तेजन क्वाइल।
3. यूरेनियम प्लाज्मा उत्पादन प्रणालियां।
4. यूरेनियम धातु वाष्प की ऊष्मा और संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित यूरेनियम धातु "उत्पादन" और "टेल्स" संग्राहक एसेंबलियां।
5. यूरेनियम प्लाज्मा स्रोत, रेडियो आवृत्ति ड्राइव क्वाइल तथा "उत्पाद" और "टेल्स" संग्राहकों को धारित करने हेतु सेपरेटर मॉड्यूल हाऊसिंग (सिलिंडर आकार के)

OB005.i विद्युत चुंबकीय संवर्धन संयंत्रों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइन या तैयार की गयी प्रणालियां, उपस्कर और घटक;

1. यूरेनियम आइसोटोप के पृथक्करण हेतु विद्युत चुंबकीय सेपरेटर और उसके लिए उपस्कर एवं घटक, जिसमें आयन स्रोत (वाष्पन स्रोत, आयनाइजर और बीम त्वरक शामिल है), आयन संग्राहक (कलेक्टर प्लेट सहित), वैक्यूम हाऊसिंग तथा चुंबक ध्रुव के खंड
2. आयन स्रोत हेतु उच्च वोल्टेज विद्युत सप्लाइ: आयन स्रोतों हेतु विशेष रूप से डिजाइन या तैयार की गयी उच्च वोल्टेज विद्युत सप्लाइ जिसमें निम्नलिखित अभिलक्षण हों: सतत प्रचालन में सक्षम 20,000V या अधिक की आउटपुट वोल्टेज 1 एंपीयर या अधिक का आउटपुट करेंट तथा 8 घंटे की अवधि में 0.01% से बेहतर वोल्टेज विनियमन।
3. उच्च शक्ति, डाइरेक्ट करेंट चुंबक पावर आपूर्तियों : विशेष रूप से डिजाइन या तैयार की गयी उच्च शक्ति, डाइरेक्ट करेंट चुंबक पावर सप्लाइ जिसमें निम्नलिखित सभी अभिलक्षण हों : 100V या अधिक पर तथा 8 घंटे की अवधि में 0.01% से बेहतर करेंट या वोल्टेज विनियमन के साथ 500A या अधिक का करेंट आउटपुट।

OB005.j संवर्धन संयंत्रों में उपयोग हेतु विशेष रूप से डिजाइन या तैयार किये गये अन्य उपस्कर और घटक:

1. फीड प्रणालियां/"उत्पाद" और टेल्स प्राप्ति प्रणालियां जैसे फीड ऑटोक्लेव्स, ओवन या UF_6 हस्तन हेतु प्रयुक्त प्रणालियां, डिसब्लाइमर, कोल्ड ट्रैप या पंप, ठोसीकरण या द्रवीकरण स्टेशन, "उत्पाद" या टेल्स स्टेशन।

2. UF_6 जनित संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या रक्षित तथा हस्तचालित या स्वचालित शट-ऑफ या कंट्रोल कार्य वाले विशेष शट ऑफ वाल्ब, कंट्रोल वाल्ब, बेलो सील्ड वाल्ब।
3. UF_6 गैस स्ट्रीम से ऑन-लाइन नमूने लेने में सक्षम UF_6 मास स्पेक्ट्रोमीटर/आयन स्रोत।
4. कंप्रेशरों या ब्लोअरों हेतु रोटरी शाफ्ट सील।
5. UF_6 जनित संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या संरक्षित हीट- विनियामक।
6. UF_6 जनित संक्षारण की प्रतिरोधी सामग्रियों से निर्मित या संरक्षित निर्वात मैनीफोल्ड्स, निर्वात हेडर्स और निर्वात पंप सहित निर्वात प्रणालियां।

टिप्पणी 1: श्रेणी OB005 के अंतर्गत प्रदर्शित नियंत्रण, उन संयंत्रों और उपस्करों पर भी लागू होते हैं, जो अन्य तत्वों के आइसोटोप पृथक्करण हेतु अभिप्रेत हैं।

टिप्पणी 2: "अन्य तत्व" से तात्पर्य है हाइड्रोजन, यूरेनियम और प्लूटोनियम के अलावा सभी तत्व।

0B006 नाभिकीय रिएक्टर ईंधन घटकों के संविरचन के लिए संयंत्र तथा विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन निम्नलिखित तक सीमित नहीं हैं :

(क) पूर्ण रूप से स्वचालित पेलेट निरीक्षण स्टेशन जो ईंधन पेलेट के अंतिम विमाओं तथा पृष्ठ त्रुटियों की जाँच करने के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित।

(ख) स्वचालित वेल्डिंग मशीन जो ईंधन पिनों (या राडों) पर अंत्य कैप की वेल्डिंग करने के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित।

(ग) स्वचालित परीक्षण तथा निरीक्षण स्टेशन जो संपूर्ण ईंधन पिनों (या राड) की अखण्डता की जाँच करने के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित।

(घ) नाभिकीय ईंधन क्लैडिंग के निर्माण के लिए विशेष रूप से डिजाइनित या निर्मित।

मद 'ग' में प्ररूपी रूप में ये उपकरण शामिल हैं 1) पिन (या राड) अंत्य कैप वेल्ड की एक्स-रे परीक्षण, 2) दाबित पिनों (या राड) से हीलियम लीक डिटेक्शन, 3) अंदर ईंधन पेलेट की सही भरण को जाँचने के लिए पिनों (या राड) की गामा स्कैनिंग।

0B007 100 क्यूरीज ($3.7X10^{12}$ बेकुरल) से अधिक होने वाली रेडियोआइसोटोप की मात्राओं के उत्पादन, हस्तन, भंडारण तथा परिवहन के लिए संयंत्र या प्रणालियां।

0B008 न्यूट्रान जनरेटर जिसमें न्यूट्रान श्रृंखला असेम्बलियां तथा विखंड्य पदार्थों को उत्पादन करने के लिए सभी प्रकार की संलयन असेम्बली शामिल है।

0C प्रौद्योगिकी तथा साफ्टवेअर

0A या 0B में विनिर्दिष्ट विहित पदार्थों या विहित उपकरण के विकास, उत्पादन या प्रयोग के लिए प्रौद्योगिकी या साफ्टवेअर।

[फा. सं. 32/02/2016-ईआर]

संजीव सूद, संयुक्त सचिव

DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY

NOTIFICATION

Mumbai, the 28th April, 2016

Subject: Updation of List of Prescribed Substances, Prescribed Equipment and Technology Under Atomic Energy Act 1962

S.O. 1592(E).—In pursuance of clauses (f) and (g) of sub-section (1) of Section 2 and Section 3 of the Atomic Energy Act, 1962 (No. 33 of 1962) and in supersession of the notifications of the Government of India in the Department of Atomic Energy vide number S.O. 61(E) dated 20th January 2006, the Central Government hereby notifies the substances, equipment and technology specified in the Schedule appended hereto as 'Prescribed Substances, Prescribed Equipment and Technology'.

SCHEDULE

Category 0 Nuclear materials, nuclear-related other materials, equipment and technology

0A PRESCRIBED SUBSTANCES

Note: Any radioactive material in Category 0A shall additionally attract the provisions of Radiation Protection Rules, 2004 made under the Atomic Energy Act, 1962 and the provisions of Section-16 of the Atomic Energy Act, 1962.

IndiaCode

0A1 **Source Material**

0A101 Uranium containing the mixture of isotopes occurring in nature.

0A102 Uranium depleted in the isotope 235.

0A103 Thorium.

0A104 Any of the materials specified above in 0A101, 0A102, or 0A103 in the form of metal, alloy, chemical compound, or concentrate.

0A105 Any other material containing one or more of the foregoing.

Note 1:
Source material includes uranium and thorium ores or concentrates.

Note 2:
Exports of following items, for the use only in non-nuclear activities, to a given recipient country, within a period of one calendar year, not exceeding the limits specified below, are not controlled:

a. Uranium (containing the mixture of isotopes in nature): 100 kilograms.
b. Depleted uranium (uranium depleted in the isotope 235 below that occurring in nature): 1000 kilograms.
c. Thorium: 1000 kilograms.

Note 3: 0A1 does not control following –
i. Uranium and thorium ores, mineral concentrates or other materials that contain less than 300 parts per million (ppm) of uranium or/and thorium;
ii. Alloys containing less than 5 % thorium;
iii. Ceramic products containing thorium, which have been manufactured for non-nuclear use.

0A2 **Special Fissionable Material**

0A201 Plutonium-239.

0A202 Uranium-233.

0A203 Uranium enriched in the isotopes 235 or 233.

0A204 Neptunium.

0A205 Any material containing one or more of the foregoing.

0A206 Such other fissionable material determined by the Central Government from time to time.

